प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज घाना की संसद को संबोधित करेंगें श्री मोदी घाना की राजधानी एक्रा में भारतीय समुदाय से बातचीत भी करेंगें घाना यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन श्री मोदी, वहां इन्क्रूम्हा संग्रहालय भी जाएंगें यह वह स्थल है जहां क्वामे इन्क्रूम्हा ने घाना की स्वाधीनता की घोषणा की थीं इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामनी महामा ने शिष्टमंडल स्तर की वार्ता की थीं दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और घाना में भारतीय निवेश बढने का स्वागत कियां साथ ही रक्षा तथा सुरक्षा सहयोग पर भी बातचीत कीं बाद में घाना के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित कियां प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आज रात त्रिनीदाद और टोबैगो पहुंचेंगें वे वहां के राष्ट्रपति क्रिष्टीने कार्ला कांगलू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और संबंधों को मजबूत करने पर विचार– विमर्श करेंगें इस बीच त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत के उच्चायुक्त डॉ. प्रदीप राजपुरोहित ने आकाशवाणी के साथ एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर बात कीं उन्होंने कहा कि दोनों देश अपने संबंधों की 180वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और प्रधानमंत्री की ये यात्रा, प्रवासी भारतीयों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हैं

00000

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से हरियाणा के मानेसर में शुरू हुआं दो दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कियां अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नगरीय निकाय लोकतंत्र का मजबूत स्तम्भ है और इसका सीधा संवाद जनता से होता हैं संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य देश में बढ़ते शहरीकरण में स्थानीय निकायों की भूमिका पर चर्चा करना हैं

0000

नई दिल्ली में आज ब्रॉडकास्ट एंड मीडिया टैक्नोलॉजी – बीईएस एक्सपो 2025 से संबंधित 29वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही हैं इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है – एआई के माध्यम से मीडिया परिदृश्य में परिवर्तनः सृजन, सहयोग और मुद्रीकरणं तीन दिन के इस सम्मेलन में जाने माने प्रसारणकर्ता, मीडिया क्षेत्र के पेशेवर और देश विदेश के वक्ता व्याख्यान देंगे और अत्याधुनिक प्रसारण विषयों पर विचार– विमर्श करेंगें

00000

राज्य सरकार ने प्रदेश में फायर एनओसी नवीनीकरण नियमों में बदलाव किया हैं फायर एनओसी के लिए अब भवन मालिकों को करीब दोगुनी राशि का भुगतान करना होगां स्वायत्त शासन विभाग के आदेश के बाद प्रदेश के नगर निगम क्षेत्र में इसके लिए नवीनीकरण शुल्क को बढ़ाकर 20 हजार, नगर पालिका क्षेत्र में 15 हजार और नगर परिषद क्षेत्र में 10 हजार रुपए किया गया हैं इससे पहले 2023 में फायर एनओसी नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी की गई थीं गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए फायर एनओसी की समय अवधि को एक साल से बढ़ाकर 3 साल किया हैं

0000

अजमेर विकास प्राधिकरण की बहुप्रतिक्षित चाचियावास अटल आवास योजना का शुभारम्भ कल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कियां सभी को आवास मुहैया कराने के उद्देश्य को लेकर शुरू की गई इस बहुप्रतिक्षित आवासीय योजना में कुल 191 भूखण्डों का लॉटरी द्वारा आंवटन किया जायेगां इसके लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेंगें इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहें

000000

समूचे प्रदेश पर मानसून के बादल मेहरमान बने हुए हैं बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में अधिकांश जगहों पर जबकि पश्चिमी भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गईं हाडोती क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी से अत्यधिक भारी बारिश भी रिकॉर्ड हुईं मौसम विभाग के अनुसार सर्वाधिक बारिश चित्तौडगढ के बस्सी में 32

सेंटीमीटर मापी गईं इस बीच राज्य के अधिकांश भागों में आज भी बारिश का दौर बना रहां पाली जिला मुख्यालय में हुई तेज बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गयां जालोर जिले में भी सुबह से रिमझिम बारिश का दौर बना रहां वहां सर्वाधिक 6 सेंटीमीटर बारिश रानीवाडा में दर्ज की गईं बालोतरा और आस–पास के इलाकों में भी आज अच्छी बारिश हुईं विभाग ने आज सीकर, टोंक, सवाईमाधोपुर और अजमेर के साथ पश्चिमी जिलों में ऑरेंज अलर्ट वहीं जयपुर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर और पूर्वी जिलों के अलावा झुंझुनूं, भीलवाडा, उदयपुर हाडोती क्षेत्र में यलो अलर्ट जारी किया हैं

00000